# श्री भीमा काली जी सराहन एवं अन्य मन्दिर समूह न्यास, तहसील रामपुर बुशैहर, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 1.1.2016 से 31.12.2017

## भाग–एक

**1. प्रारम्भिकः–**

**(क)** हिमाचल प्रदेश हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था एवं पूर्व विन्यास अधिनियम 1984 की धारा 23(2)(C)(ii) के अन्तर्गत एवं वित्तायुक्त एवं सचिव (एल0ए0सी0) हिमाचल प्रदेश सरकार की विज्ञापति संख्याः भाषा (ए) (3)/85–पार्ट–II, दिनांक 17.1.1989 के अनुसार हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्थाओं एवं पूर्व विनियासों के अंकेक्षण का दायित्व परीक्षक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश को सौंपे जाने के दृष्टिगत, श्री भीमा काली जी सराहन एवं अन्य मन्दिर समूह न्यास रामपुर बुशैहर के अवधि 1.1.2016 से 31.12.2017 के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य इस विभाग द्वारा किया गया।

**(ख) अंकेक्षण अवधि के दौरान मन्दिर न्यास में निम्नविवरणानुसार मन्दिर आयुक्त एवं सहायक आयुक्त कार्यरत्त रहेः–**

| **क्रमांक** | **आयुक्त** | **कार्यकाल** |
|---|---|---|
| 1. | श्री दिनेश मल्होत्रा | 1.1.16 से 23.02.16 |
| 2. | श्री रोहण चन्द ठाकुर | 24.2.16 से 31.12.17 |

| **क्रमांक** | **उपाध्यक्ष** | **कार्यकाल** |
|---|---|---|
| 1. | श्री दलीप कुमार नेगी | 1.1.2016 से 25.4.16 |
| 2. | श्री निशांत ठाकुर | 29.4.16 से 5.11.16 |
| 3. | श्री निपुण जिन्दल | 6.11.16 से 31.12.17 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–**

गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरों पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति **परिशिष्ट–(क)** में दर्शाई गई है।

**(घ) श्री भीमा काली जी सराहन एवं अन्य मन्दिर समूह न्यास रामपुर बुशैहर, तहसील रामपुर बुशैहर, जिला शिमला (हि0 प्र0) के अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 1.1.2016 से 31.12.2017 में पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सारः–**

| **क्र0 सं0** | **पैरा सं0** | **संक्षिप्त विवरण** | **राशि (₹) (लाखों में)** |
|---|---|---|---|
| 1 | 5(ख) | सावधि जमा योजना में निवेशित राशि का रोकड़ वही में लेखांकन न करना | 633.62 |
| 2 | 8 | विभिन्न प्रयोजनों हेतु प्रदान की गई अग्रिम राशि का लम्बी अवधि से समायोजन न करना | 1.68 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | 9 | कर्मचारियों को प्रदत्त अग्रधन वसूली हेतु शेष | 3.08 |
| 4 | 10 | दुकानदारों से किराये की बकाया राशि वसूली हेतु शेष | 20.74 |
| 5 | 11 | आयकर विभाग से आयकर (T.D.S.) के रूप में की गई कटौती की वसूली शेष | 15.73 |
| 6 | 12 | वाटर हाईड्रेन्ट को स्थापित करने के लिए अधिशासी अभियन्ता, हि0प्र0 सिंचाई विभाग को डिपोजिट एवं जन स्वास्थ्य कार्यों के लिए दी गई राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त न करना | 37.15 |

## भाग–दो

### 2. वर्तमान अंकेक्षणः–

मन्दिर न्यास के अवधि 1.1.2016 से 31.12.2017 के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण, श्री हरदेव सिंह शांडिल, सहायक नियंत्रक व श्री राजीव कुमार कनिष्ठ लेखा परीक्षक (ले0प0) द्वारा दिनांक 5.6.2018 से दिनांक 7.7.2018 के दौरान मन्दिर न्यास कार्यालय रामपुर बुशैहर में किया गया। आय की विस्तृत जांच हेतु माह 10/16, 10/17 तथा व्यय की जांच हेतु माह 2/16 व 4/17 के लेखाओं का चयन किया गया, जिसके परिणामों को आगामी पैरोग्राफों में समाविष्ट किया गया है।

इस अंकेक्षण प्रतिवेदन को संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर तैयार किया गया है। उक्त संस्था द्वारा कोई सूचना उपलब्ध न करवाने अथवा गलत सूचना उपलब्ध करवाने पर पाई गई अनियमितताओं एवं त्रुटियों के लिए स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

### 3. अंकेक्षण शुल्कः–

मन्दिर न्यास के अवधि 1/2016 से 12/2017 के लेखाओं के वर्तमान अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹37300 बनता है। अंकेक्षण शुल्क की उक्त राशि निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, शिमला–09 को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/चैक के माध्यम से भेजने हेतु सहायक नियंत्रक (लेखा परीक्षा) की अधियाचना संख्याः 2, दिनांक 7.8.2018 द्वारा मन्दिर न्यास/प्रशासन से अनुरोध किया गया।

### 4. वित्तीय स्थितिः–

**(क)** मन्दिर न्यास द्वारा प्रस्तुत न्यास की अवधि 1/2016 से 12/2017 तक के लेखों की वित्तीय स्थिति निम्नानुसार थी जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट–(क)** पर भी दिया गया है।

| वर्ष | प्रारंभिक शेष | प्राप्ति | अनुदान | ब्याज | कुल प्राप्ति | व्यय | अन्तशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2016 | 7151157.53 | 16075329 | 800000 | 293765 | 24320251.53 | 13856351.25 | 10463900.28 |
| 2017 | 10463900.28 | 15759223 | 20856970 | 320865 | 47400958.28 | 40761666.00 | 6639292.28 |

# BANK RECONCILATION STATEMET AS ON 31.012.2017

| | (₹) |
|---|---|
| BALANCE OF CASH BOOK AS ON 31.12.2017 | 66,39,292.28 |
| Add:- | |
| (i) Interest Credited by HDFC Bank Rampur Account no 0805145000055 dated 01-07-2017 but not entered in cash book till 31.12.2017 | 170.00 |
| (ii) Interest Credited by HDFC Bank Rampur Account no 0805145000055 dated 01-10-2017 but not recorded in cash book till 31.12.2017 | 163.00 |
| (iii) Interest Credited by HDFC Bank Rampur Account no 0805145000055 dated 31-12-2017 but not recorded in cash book till 31.12.2017 | 153.00 |
| (iv) Building Rent deposited by ICICI bank into SBI Bank Rampur Account no 30785092122 through NEFT dt. 28.12.2017 but recorded in cash book 01-01-2018 | 29049.00 |
| (v) Rent received by Cheque no 286444 deposited in H.P Co-operative Bank Rampur Account no 43110103428 dt. 30.12.2017 but recorded in cash book 01- 01-2018 | 20000.00 |
| (vi) Rent received by Cheque no 001236 deposited in H.P Co-operative Bank Rampur Account no 43110103428 dt. 30-12.2017 but recorded in cash book 01- 01-2018 | 11000.00 |
| (vii) Rent received by Cheque no 330401 deposited in H.P Co-operative Bank Rampur Account no 43110103428 dt. 30.12.2017 but recorded in cash book 01- 01-2018 | 9504.00 |
| (viii) Rent received by Cheque no 002788 deposited in H.P Co-operative Bank Rampur Account no 43110103428 dt. 30.12.2017 but recorded in cash book 01- 01-2018 | 7920.00 |
| (ix) Interest Credited by Allahabad Bank Rampur Account no 50351900555 dated 31-08-2017 but recorded in cash book on 23-03-2018 | 1354.00 |
| (x) Interest Credited by Allahabad Bank Rampur Account no 50351900555 dated 30-11-2017 but recorded in cash book on 23-03-2018. | 846.00 |
| Total | 67,19,451-28 |
| Less:- | |
| Interest already credited how debited by SBI Bank Sarahan Account no 11565957374 dated 28.12.2017 but recorded in cash book 01-01-2018 | (-) 51,024-00 |
| Balance as per pass book 31-12-2017 :- | 66,68,427-28 |

**Shri Bhimakali ji and other group of Temple Trust Rampur Bushahr details of balances in different bank accounts as on 31.12.2017**

| Sr.No | Bank Name | Account no | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| 01. | H.P.State Co-operative bank Ltd. Rampur bushahr | 43110103428 | 14,16,442.49 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 02. | H.P.State Co-operative bank Ltd. Sarahan | 43410100001 | 27,94,852.00 |
| 03. | State bank of India Sarahan Bushahr | 11565957374 | 1,10,462.10 |
| 04. | State bank of India Rampur bushahr | 30785092122 | 13,31,452.96 |
| 05. | UCO Bank Rampur | 15430100000001 | 3,73,066.75 |
| 06. | Dena bank Rampur bushahr | 133810031008 | 5,31,202-00 |
| 07. | Allahabaad bank Rampur bushahr | 50351900555 | 93,452.00 |
| 08. | HDFC Bank Rampur bushahr | 08051450000055 | 17,496.98 |
| | | **Total** | **₹66,68,427.28** |

### 5. सावधि निवेशः–

(क) मन्दिर न्यास द्वारा सावधि जमा योजना में ₹633.62 लाख निवेशित किया है जिसका पूर्ण विवरण इस प्रतिवेदन के **परिशिष्ट–'ख'** पर दिया गया है।

**(ख) दिनांक 31.12.2017 तक सावधि जमा योजना में निवेशित ₹633.62 लाख का लेखांकन रोकड़ बही में न करनाः–**

मन्दिर न्यास द्वारा दिनांक 31.12.2017 तक सावधि जमा में निवेशित राशि ₹63362885 से सम्बन्धित अभिलेखों की पड़ताल करने पर पाया गया कि दिनांक 31.12.17 तक निवेशित राशियों का लेखांकन रोकड़ वही में नहीं किया गया था। रोकड़ वही में सावधि निवेश का लेखांकन न करना एक गम्भीर अनियमितता है, क्योंकि सावधि जमा में निवेशित राशि का लेखांकन न किए जाने से संस्था की वित्तीय स्थिति वास्तविक स्थिति को परिलक्षित नहीं करती है। अतः सावधि जमा योजना में निवेशित राशि को रोकड़ वही में लेखांकित किया जाना सुनिश्चित किया जाए और इस विभाग को कृत कार्यवाही से अवगत करवाया जाए।

### 6 सोने एवं चांदीः–

मन्दिर न्यास द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट 'ख'-(I)** पर प्रमाणित विवरणानुसार सोना, अशुद्ध चांदी तथा शुद्ध चांदी की स्थिति निम्न प्रकार से हैः–

**(क) सोनाः–**

श्री भीमा काली जी एवं अन्य मन्दिर समूह न्यास रामपुर बुशैहर, तहसील रामपुर बुशैहर, जिला शिमला, (हिमाचल प्रदेश) के सोना एवं चांदी के भण्डार रजिस्टर के अनुसार दिनाक 31.12.2017 को सोने के स्टॉक की वर्षवार स्थिति निम्नानुसार थीः–

## सोना :–

| | | सराहन | | | श्राईकोटी | | | कुल योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **वर्ष** | **विवरण** | **कि0** | **ग्राम** | **मि0ग्रा0** | **कि0** | **ग्राम** | **मि0ग्रा0** | **कि0** | **ग्राम** | **मि0ग्रा0** |
| 2016 | आरम्भिक शेष | 4 | 025 | 634 | 5 | 494 | 218 | 9 | 519 | 852 |
| | वर्ष के दौरान प्राप्ति | 00 | 668 | 542 | 00 | 269 | 277 | 00 | 937 | 819 |
| | दिनांक 31.12.2016 को अन्तशेष | 04 | 694 | 176 | 05 | 763 | 495 | 10 | 457 | 671 |
| 2017 | आरम्भिक शेष | 04 | 694 | 176 | 05 | 763 | 495 | 10 | 457 | 671 |
| | वर्ष के दौरान प्राप्ति | 00 | 180 | 387 | 00 | 249 | 109 | 00 | 429 | 496 |
| जारी किया गया :– (00– 027– 000) (00– 027– 000) | | | | | | | | | | |
| | दिनांक 31.12.2017 को अन्तिम शेष | 4 | 847 | 563 | 6 | 012 | 604 | 10 | 860 | 167 |

## (ख) चांदीः–

**श्री भीमा काली जी मन्दिर न्यास एवं अन्य समूह मन्दिरों के न्यास रामपुर के पास दिनांक 31.12.2017 को अशुद्ध चांदी, शुद्ध चांदी तथा अन्य धातुओं का विवरण निम्नानुसार थाः–**

**प्रारम्भिक शेषः–** गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या – 6(ख) में अशुद्व चॉदी का अंतिम शेष दिनांक 31.12.2015 को 60 किलो 784 ग्राम 429 मि0ग्रा0 दर्शाया गया था जबकि न्यास के सोना चॉदी रजिस्टर में दिनांक 31.12.2015 को चॉदी का शेष 54 किलो 310 ग्राम 183 मि0ग्रा0 था । इस प्रकार उक्त विवरणानुसार अभिलेख में 06 किलो 474 ग्राम 246 मि0ग्रा0 चॉदी कम दर्शाया गया था, जिसे न्यास की अवधि 1.1.14 से 31.12.15 के अंकेक्षण एवं प्रतिवेदन के पैरा संख्या 6 (ख) (ii) में प्रारूपित किया गया है। इसलिए वर्तमान अंकेक्षण में चॉदी के स्टॉक रजिस्टर के अनुसार ही चॉदी का आरम्भिक शेष दिनांक 01.01.2016 को 54 किलो 310 ग्राम व 183 मि0ग्रा0 दर्शाया गया है।

## अशुद्व चॉदी :–

| | | श्री भीमाकाली जी मन्दिर सराहन | | | श्री दुर्गा माता मन्दिर श्रीईकोटी | | | कुल योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष | विवरण | कि0 | ग्राम | मि0ग्रा0 | कि0 | ग्राम | मि0ग्रा0 | कि0 | ग्राम | मि0ग्रा0 |
| 2016 | आरम्भिक शेष | 15 | 007 | 269 | 39 | 302 | 914 | 54 | 310 | 183 |
| | वर्ष के दौरान प्राप्ति | 04 | 283 | 457 | 03 | 394 | 137 | 7 | 677 | 594 |
| 29.09.2016को जारी किया गया (02– 032–000)<br>01.02.2016 को जारी किया गया (05– 000– 000) (7– 032– 000) | | | | | | | | | | |
| | 31.12.2016 शेष | 17 | 258 | 726 | 37 | 697 | 051 | 54 | 955 | 777 |
| 2017 | आरम्भिक शेष | 17 | 258 | 726 | 37 | 697 | 051 | 54 | 955 | 777 |
| | वर्ष के दौरान प्राप्ति | 04 | 789 | 140 | 03 | 371 | 063 | 8 | 160 | 203 |
| | 31.12.2017 को अंतिम शेष | 22 | 047 | 866 | 41 | 068 | 114 | 63 | 115 | 980 |

**नोटः—श्री भीमाकाली जी एवं श्री श्राईकोटी मन्दिर एवं अन्य समूह मन्दिर न्यास रामपुर के खज़ाने में अशुद्व चॉदी दिनांक 31.12.2017 को 63 किलो 115 ग्राम 980 मि0ग्रा0 थी।**

**नोटः—उपरोक्त के अतिरिक्त चॉदी के सिक्को की संख्या जो सराहन मन्दिर के खजाने में जमा है(सिक्के 14 सिक्के 0.046 ग्राम मुहरा तांबा सहित 400 ग्राम)**

**(ग) शुद्व चांदीः—**

मन्दिर अधिकारी श्री भीमा काली जी मन्दिर एवं अन्य समूह मन्दिरों के न्यास, रामपुर द्वारा जारी प्रमाण पत्र **(परिशिष्ट—'ड़')** के अनुसार दिनांक 31.12.2017 को शुद्व चांदी 40 किलो 112 ग्राम शेष थी, जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैः—

| दिनांक 31.12.2017 को शेष विवरणः— | किलो | ग्राम | मि0ग्रा0 |
|---|---|---|---|
| 1. श्री लाकंड़ावीर जी सराहन के मन्दिर मे सिंहासन के रूप में चॉदी | 21 | — 969 — | 000 |
| 2. हरणसिंगो के रूप में चॉदी | 6 | — 928 — | 000 |
| 3. सराहन मन्दिर में पूजा पात्रों के रूप में चॉदी | 5 | —840 — | 000 |
| 4. श्री दुर्गामाता मन्दिर श्राईकोटी के पूजा पात्र बनाने हेतु प्रयोग किया गया चॉदी | 2 | —324 — | 470 |
| 5. श्री भीमाकाली जी मन्दिर के नए मन्दिर के अनावरण पटिटका पर फ्रेम लगाने हेतु प्रयोग किया शुद्व चॉदी । | 1 | — 735— | 800 |
| 6. श्री भीमाकाली जी मन्दिर सराहन में खाण्डा तैयार करने हेतु प्रयोग किया गया शुद्व चॉदी । | 00 | — 533— | 000 |
| 7. शुद्व चॉदी (Solid)रूप में खजाने में जमा | 00— | 781 — | 730 |
| कुल योग | 40— | 112— | 000 |

**(घ) हिमाचल प्रदेश हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्थान एवं विन्यास अधिनियम, 1984 की धाराओं के प्रावधानों को लागू न करनाः—**

हिमाचल प्रदेश हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था एवम विन्यास अधिनियम, 1984 की धारा 12—ए (2) (B)(iii) के प्रावधानानुसार 60**%** चांदी को सिक्के में ढाल कर श्रद्धालुओं को वर्तमान मूल्य पर विक्रय किया जाना अपेक्षित था, परन्तु अंकेक्षण को प्रस्तुत अभिलेख व सूचना के अवलोकन से विदित हुआ है कि इन प्रावधानों को अमल में नहीं लाया गया था, जिसके कारण जहां न्यास एक्ट के प्रावधानों को लागू करने में विफल रहा है, वहीं इन प्रावधानों को लागू करने से होने वाली आय/लाभों से भी एक दशक से भी अधिक समय से वंचित होना पड़ रहा है, जोकि एक गम्भीर अनियमितता है, जिसका औचित्य स्पष्ट करते हुए उक्त प्रावधानों को अविलम्ब लागू किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**7** **(क)श्री भीमाकाली जी मन्दिर न्यास एवं माता श्री श्राईकोटी मन्दिर में स्थापित भेंट पात्रों को लम्बी अवधि के उपरान्त खोले जाने के कारण ब्याज की हानि बारें:–**

श्री भीमाकाली जी मन्दिर न्यास एवं माता श्री श्राईकोटी जी के मन्दिर में स्थापित भेंट पात्रों से सम्बन्धित अभिलेख की जॉच करने पर पाया गया कि इन मन्दिरों में स्थापित भेंट पात्रों को लम्बी अवधि के उपरान्त खोला जा रहा था जिनका विवरण निम्न प्रकार से दिया गया है, परिणामस्वरूप इन भेंट पात्रों में जमा राशि को देरी से मन्दिर न्यास के बैंक खातों मं जमा करवाया जा रहा था। जिसके कारण जमा राशि पर ब्याज की हानि हो रही थी। अतः यह मामला उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ इस आश्य के साथ लाया जाता है कि न्यास के मन्दिरों में स्थापित भेंट पात्रों का उचित समय अवधि के उपरान्त खोला जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि भेंट पात्रो में एकत्रित राशि को उचित समय पर बैंक में जमा करवाया जाए जिससे जमा राशि पर ब्याज की हानि से बचा जा सके। अनुपालना से इस विभाग को सूचित किया जाए।

**माता श्री श्राईकोटी मन्दिर, श्राईकोटी**

| अवधि | राशि जो भेंट पात्र से प्राप्त की गई (₹) |
|---|---|
| 18.04.2016 से 26.07.2016 | 381455 |
| 27.07.2016 से 27.10.2016 | 326071 |
| 28.10.2016 से 19.12.2016 | 155979 |
| 20.12.2016 से 19.04.2017 | 216409 |
| 28.05.2017 से 04.09.2017 | 300960 |
| 05.09.2017 से 01.11.2017 | 205066 |

**श्री भीमाकाली जी मन्दिर सराहन**

| अवधि | राशि जो भेंट पात्र से प्राप्त की गई (₹) |
|---|---|
| 27.01.2016 से 11.03.2017 | 324064 |
| 31.08.2017 से 04.10.2017 | 819186 |

**(ख) कुछ मन्दिरों के भेंट पात्रों से बहुत कम दान राशि प्राप्त किया जानाः–**

निम्न मन्दिरों में स्थापित भेंट पात्रों से सम्बंधित अभिलेख की जॉच करने पर पाया गया कि इन मन्दिरों में स्थापित भेंट पात्रों से बहुत कम दान राशि प्राप्त हुई है। अतः इन मन्दिरों की आय बढ़ाने हेतु मामला उच्चाधिकारियों के ध्यान में इन मन्दिरों की आय के उचित पर्यवेक्षण एवं आय में उचित बढ़ौतरी करने हेतु विशेष प्रयास किए जाने हेतु लाया जाता है।

| मन्दिर का नाम | भेंट पात्र खोलने की तिथि | प्राप्त राशि (₹) |
|---|---|---|
| श्री अयोध्यानाथ मन्दिर रामपुर | 15.01.2016 | 1218 |
| | 10.11.2016 | 1762 |
| श्री नरसिंह मन्दिर रामपुर | 15.01.2016 | 877 |
| | 10.11.2016 | 2140 |
| श्री जानकी माई गुफा मन्दिर रामपुर | 15.01.2016 | 1363 |
| | 10.11.2016 | 1758 |
| श्री रघुनाथ जी मन्दिर बड़ा अखाडा | 15.01.2016 | 2637 |
| रामपुर | 10.11.2016 | 849 |
| श्री बौद्व मन्दिर रामपुर | 15.01.2016 | 12286 |
| | 10.11.2016 | 18009 |
| श्री रघुनाथ जी चौब्बचा मन्दिर रामपुर | 15.01.2016 | 539 |
| | 10.11.2016 | 224 |
| श्री दुर्गामाता कोटकाली मन्दिर | 15.01.2016 | 13136 |
| करांगला | 10.11.2016 | 21222 |

**(ग) मन्दिर न्यास की आय में पिछले वर्ष 2015 व वर्ष 2016 की तुलना में कमी का पाया जाना–**

मन्दिर न्यास की आय के तुलनात्मक विवरण से यह ज्ञात होता है कि वर्ष 2015 की तुलना में वर्ष 2016 में ₹3514349 व वर्ष 2016 की तुलना में वर्ष 2017 के दौरान ₹289006 की कमी हुई थी जैसा कि निम्न विवरण से स्पष्ट है । अतः यह सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में मन्दिर न्यास की आय में वृद्वि हेतु विशेष प्रयास किए जाए।

| विवरण | वर्ष 2015 (₹) | वर्ष 2016 (₹) | वर्ष 2017 (₹) |
|---|---|---|---|
| गत वर्ष की तुलना में वृद्वि /कमी | 19883443.51 | 16369094.00 | 16080088.00 |

**8. विभिन्न प्रयोजनों हेतु प्रदान की गई अग्रिम राशि ₹1.68 लाख को लम्बी अवधि के बाद भी समायोजित न किए जाने बारेः–**

अग्रिम राशियों से सम्बन्धित अभिलेख की जाँच करने पर पाया गया कि निम्नलिखित राशियों का भुगतान विभिन्न प्रयोजनों हेतु अग्रिम के रूप में विभिन्न व्यक्तियों, फर्मों एवं संविदाकारों को किया गया था, उनसें से कुछ एक से वसूली करने के उपरान्त भी ₹168156 असमायोजित/वसूल किए जाने हेतु बकाया थी। जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

**दिनांक 31.12.2017 को समायोजन के लिए लम्बित अग्रिम का विवरण**

| क्र0 सं0 | वा0 सं0 | दिनांक | जिसको भुगतान किया का ब्यौरा | प्रयोजन | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 260 | 3.6.1987 | श्री बनबारी लाल | कोटा स्टोन की खरीद के लिए | 10000 |
| 2. | 16 | 24.4.1987 | श्री बसंत लाल | दत्तनगर में मन्दिर की मुरम्मत | 2500 |
| 3. | 86 | 5.4.1987 | श्री बनबारी लाल | कोटा स्टोन की खरीद | 11477 |
| 4. | 97 | 13.7.1987 | श्री बनबारी लाल | कोटा स्टोन की खरीद | 10000 |
| 5. | 132 | 13.8.1987 | श्री बनबारी लाल | कोटा स्टोन की खरीद | 10000 |
| 6. | 186 | 13.8.1987 | श्री बनबारी लाल | कोटा स्टोन की खरीद | 10000 |
| 7. | 230 | 12.6.1988 | श्री तारा चन्द | लकड़ी के कार्य के लिए | 2500 |
| 8. | 233 | 26.12. 2008 | श्री तारा चन्द | बिरोजा को इक्ट्ठा करने के लिए | 2500 |
| 9. | 64 | 18.5.1991 | श्री श्याम लाल | स्टोन कार्य के लिए | 5279 |
| 10. | 123 | 28.6.1991 | श्री श्याम लाल | स्टोन कार्य के लिए | 2000 |
| 11. | 169 | 25.5.1994 | श्री श्याम लाल | For Building Works. | 1000 |
| 12. | 581 | 30.11. 1994 | श्री शेर सिंह | अग्रधन (प्रयोजन नहीं दर्शाया) | 2400 |
| 13. | 954 | 3.10.1995 | श्री मनोहर लाल | Shuttering के कार्य | 6000 |
| 14. | 117 | 6.5.1989 | श्री कृष्ण कुमार | बिरोजा को इक्ट्ठा करने के लिए | 4000 |
| 15. | 236 | 22.7.2005 | डी0एल0ओ शिमला | Monograph Printing | 3000 |
| 16. | 418 | 21.10. 2005 | एन0एस0 प्रिंटर दिल्ली | Purchase of Calander | 40000 |
| 17. | 419 | 21.10. 2005 | श्री सतीश कश्यप | घड़ियां क्रय करने के लिए | 5000 |
| 18. | 8 | 4.10.2006 | श्री जय नन्द पुजारी | अग्रधन (प्रयोजन नहीं दर्शाया) | 10000 |
| 19. | 232 | 15.12. 1986 | श्री कृष्ण कुमार | बिरोजा को इक्ट्ठा करने के लिए | 20000 |
| 20. | 952 | 3.10.1995 | एस0डी0एम रामपुर | For Silver Work | 9000 |
| 21. | 118 | 5.5.1989 | श्री जय लाल कपूर | for Kota Stone | 1500 |
| | | | | **कुल योग** | **1,68,156** |

उक्त विवरण से स्पष्ट है कि कुछ अग्रिम राशियां पिछले 30 वर्षो से समायोजन के लिए लम्बित थी। ऐसा प्रतीत होता है कि न्यास द्वारा इस सन्दर्भ में कोई ठोस अपेक्षित कार्यवाही नहीं की गई। जिसके फलस्वरूप इन अग्रिम राशियों का समायोजन नहीं हो सका। इतनी लम्बी अवधि से अग्रिम राशियों का समायोजन नहीं किया जाना एक गम्भीर वित्तीय अनियमितता है। इस सम्बन्ध में गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा 7 में आपत्ति दर्ज की गई थी, परन्तु वर्तमान समय तक इस सम्बन्ध में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई थी। अतः न्यास इन अग्रिम राशियों के समायोजन/वसूली अविलम्ब करने हेतु कार्यवाही करें तथा की गई कार्यवाही से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाए।

9. **कर्मचारियों को दिए गए अग्रधन ₹3.08 लाख की राशि वसूली हेतु शेष :–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि मन्दिर न्यास द्वारा अपने कर्मचारियों को मकान की मुरम्मत के लिए प्रस्ताव पारित कर ₹50000 अग्रधन देने का प्रावधान न्यास निधि से किया गया । अभिलेखों की जांच तथा न्यास द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार अवधि 31.12.2017 तक कर्मचारियों से ₹308000 की बकाया वसूली शेष थी, जिसका विवरण **परिशिष्ट–(च)** में दिया गया है, उक्त बकाया अग्रधन की वसूली नियमानुसार शीघ्र कर आगामी अंकेक्षण के दौरान पुष्टि करवाई जानी सुनिश्चित की जाए।

10. **दुकानों के किराये की बकाया राशि के रूप में ₹20.74 लाख वसूली हेतु शेषः–**

वर्ष 2016 तथा वर्ष 2017 के किराये से सम्बन्धित अभिलेख की जाँच करने पर पाया गया कि विभिन्न किरायेदारों से दिनांक 31.12.2017 तक किराये की बकाया राशि के रूप में ₹2074444 वसूली हेतु शेष थी। इन सभी किरायेदारों से वसूली हेतु शेष राशि का पूर्ण विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट–'छ'** पर दिया गया है। अतः इन किरायेदारों से लम्बित किराये की वसूली नियमों में दिए प्रावधानों के अनुसार अविलम्ब की जाए और  कृत अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

11. **आयकर (T.D.S.) के रूप में की गई कटौती ₹15.73 लाख की वसूली आयकर विभाग से प्राप्त करने बारेः–**

किराया के मांग एवं संग्रहण रजिस्टर की जाँच करने पर पाया गया कि न्यास द्वारा किरायेदारों से प्राप्त किराये को टी0डी0एस0 (आयकर) की कटौती काट कर जमा किया गया दर्शाया गया है और टी0डी0एस0 की राशि को अलग से दर्शाया गया है। वर्ष 2016 व 2017 में किरायेदारों ने किराये की राशि को टी0डी0एस0 (Income Tax) की कटौती की राशि ₹1080725 को काटकर/कम करके न्यास में जमा किया गया, जिसका विवरण **परिशिष्ट–'ज'** में दिया गया है। तथा सावधि निवेश से सम्बन्धित रजिस्टर/अभिलेख की पड़ताल करने पर पाया गया कि विभिन्न बैंकों द्वारा वर्ष 2016 व 2017 में  सावधि निवेश पर अर्जित ब्याज की राशि में से दिनांक 31.12.2017 तक निम्नविवरणानुसार टी0डी0एस0 (आयकर) के रूप में 355983 की कटौती की गई थी तथा दोनों का कुल योग ₹1436708 बनता है परन्तु न्यास द्वारा इस राशि को दिनांक 31.12. 2017 तक आयकर विभाग से प्राप्त नहीं किया गया था गत अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 1.1. 2013 से 31.12.2015 तक के पैरा 10 में किरायेदारों ने TDS (Income Tax) की राशि ₹1122231 को कम कर के किराया जमा किया था तथा गत अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 1. 1.2013 से 31.12.2015  पैरा सं0 **5 (ग)** में वर्णित सावधि योजना में निवेशित राशियों पर अर्जित ब्याज में से बैंक द्वारा टी0डी0एस0 (आयकर) के रूप ₹191932 की कटौती की

गई थी तथा दोनों का कुल योग ₹1314163 बनता है अंकेक्षण द्वारा आयकर विभाग को TDS (Income) की भरपाई करने हेतु अनुरोध किया गया, जिसके अन्तर्गत मन्दिर न्यास को निर्धारण वर्ष 2015–16 में चैक संख्याः 904917, दिनांक 09.03.2017 को ₹553340, निर्धारण वर्ष 2016–17 के अन्तर्गत चैक संख्याः 450295 दिनांक 03.03.2018 को ₹624260 की भरपाई हुई, जोकि कुल मिलाकर ₹1177600 प्राप्त हुए। अतः इस प्रकार अवधि 31.12.2015 तक TDS के रूप में की कुल कटौती ₹1314163 में से ₹1177600 ही आयकर विभाग से प्राप्त हुए हैं व इसके अतिरिक्त अभी भी आयकर विभाग से ₹136563 प्राप्त किए जाने शेष हैं तथा उपरोक्त विवरणानुसार वर्ष 2016 व 2017 में भी किरायेदारों ने दुकानों, परिसर आदि का किराया TDS की कटौती काट करके मन्दिर न्यास में जमा किया, जिसके अन्तर्गत उक्त दो वर्षों में 1080725 TDS के अन्तर्गत कटौती की गई तथा विभिन्न बैंकों द्वारा सावधि निवेश पर अर्जित ब्याज की राशि में से दिनांक 31.12.2017 तक निम्नविवरणानुसार टी0डी0एस0 (आयकर) के रूप में 355983 की कटौती की गई थी अतः दोनों का कुल योग मिलाकर और दिनांक 31.12.2015 शेष ₹136563 को जोड़ कर ₹1573721 बनता है तथा इस सम्बन्ध में पूर्व की तरह आयकर विभाग से पत्राचार करके TDS के रूप में आयकर के अन्तर्गत की गई कटौती ₹1573721 (₹1080725+₹355983+₹136563) की भरपाई शीघ्र की जाए और कृत अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**DETAIL OF FIXED DEPOSIT(TAX DEDUCTED AT SOURCE) SHRI BHIMA KALI JI AND OTHER GROUP OF TEMPLE TRUST RAMPUR BUSHAHR. UP TO 31.12.2017**

| Sr. No | name | f.d.R account no | Date of investment | Amount of investment (₹) | Interest Rate | Due date of maturity | Maturity amount (₹) | Amount received (₹) | Tds (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | h.p co-oprative bank Rampur | 43130304674 | 06-09-2015 | 431303026515929 | 8.05% | 06.09.2016 | 558732 | 554452 | 4280 |
| | | ------------do---------- | 06-09-2016 | 554452 | 7.5% | 06.09.2017 | 597220 | 592943 | 4277 |
| | | ------------do--------------- | 06-09-2017 | 592943 | 6-9% | 06-09-2018 | 634927 | ---------------------- | ----------------- |
| 02 | State bank of india sarahan | 31306319747 | 04.08.2016 | 3082464 | 7.25% | 04.08.2017 | 3312092 | 3288885 | 23207 |
| | | -------do-------------- | 04-08-2017 | 3288885 | 6.75% | 04-08-2018 | 3516568 | ------------------------ | ----------------- |
| 03 | Dena bank Rampur | 133866031004 | 01-09-2015 | 1390735 | 8.1% | 01-09-2016 | 1506853 | 1495241 | 11612 |
| | ----------do---------------- | ---------------do------------- | 01-09-2016 | 1495241 | 7.3% | 01-09-2017 | 1607418 | 1596201 | 11217 |
| | ----------do-------------- | ----------------do-- | 01-09-2017 | 1596201 | 6.75% | 01-09-2018 | 1706703 | -------------------- | --------------- |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | -- | ------------ | | | | | | | |
| | | | | | | | | | |
| **04.** | **Dena bank Rampur** | **1338660 31016** | **12-04-2015** | **1665175** | **8.5%** | **12-04-2016** | **1811291** | **1800115** | **11176** |
| | **----------do----------------** | **---------------do-------------** | **27-04-2016** | **1800115** | **7-5%** | **27-04-2017** | **1938968** | **1926082** | **12886** |
| | **----------do----------------** | **----------------do-------------** | **27-04-2017** | **1926082** | **7%** | **27-04-2018** | **2064488** | **---------------------** | **-----------------** |
| **05.** | **h.p co-oprative bank Rampur** | **4313031 0185** | **06-06-2015** | **2612101** | **8.5%** | **06-06-2016** | **2841308** | **2818387** | **22921** |
| | **----------do----------------** | **---------------do-------------** | **06-06-2016** | **2818387** | **7.5%** | **06-06-2017** | **3035786** | **3014046** | **21740** |
| | **----------do----------------** | **----------------do-------------** | **06-06-2017** | **3014046** | **6.9%** | **06-06-2018** | **3227459** | **----------------------** | **-----------------** |
| **06.** | **Dena bank Rampur** | **1338660 31022** | **07-06-2015** | **2038562** | **8.5%** | **07-06-2016** | **2217442** | **2199770** | **17672** |
| | **----------do----------------** | **---------------do-------------** | **07-06-2016** | **2199770** | **7.5%** | **07-06-2017** | **2369451** | **2352482** | **16969** |
| | **----------do----------------** | **----------------do-------------** | **07-06-2017** | **2352482** | **6.8%** | **07-06-2018** | **2516576** | **---------------** | **--------------** |
| **07.** | **h.p co-oprative bank Sarahan** | **4343030 35** | **07-06-2017** | **2104768** | **6.9%** | **07-06-2018** | **2253798** | **-----------------** | **----------------** |
| **08.** | **----------do----------------** | **4343030 3770** | **01-05-2015** | **2389663** | **6.9%** | **01-05-2016** | **2606995** | **2592014** | **14981** |
| | **----------do----------------** | **----------------do-------------** | **01-05-2016** | **2592014** | **6.9%** | **01-05-2017** | **2791951** | **2771957** | **19994** |
| | **----------------do-------------** | **----------------do-------------** | **01-05-2017** | **2771957** | **6.9%** | **01-05-2018** | **2968228** | **-------------------** | **-----------------** |
| **09.** | **h.p co-oprative bank Rampur** | **4313031 14** | **24-03-2016** | **2972502** | **6.9%** | **24-03-2017** | **3201789** | **3178860** | **22929** |
| | **----------------do-------------** | **----------------do-------------** | **24-03-2017** | **3178860** | **6.9%** | **24-03-2018** | **3403942** | **-----------------------** | **----------------** |
| **10.** | **h.p co-oprative bank Sarahan** | **4343030 4060** | **30-08-2016** | **2972498** | **7.5%** | **30-08-2017** | **3201784** | **3178855** | **22929** |
| | **----------------do-------------** | **----------------do-------------** | **30-08-2017** | **3178855** | **6.9%** | **30-08-2018** | **3403937** | **---------------------** | **----------------** |
| **11.** | **h.p co-oprative bank Rampur** | **4313031 2000** | **24-122015** | **2186167** | **7.5%** | **24-12-2016** | **2354799** | **2300039** | **54760** |
| | **----------do----------------** | **----------------do-------------** | **24-12-2016** | **2300039** | **6.9%** | **24-12-2017** | **2462896** | **2446610** | **16286** |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ----------------do------------- | -----------------do------------- | 24-12-2017 | 2446610 | 6.5% | 24-12-2018 | 2609558 | ------------------------- | ---------------- |
| 12. | h.p co-oprative bank Rampur | 43130312265 | 19-08-2016 | 2719370 | 7.5% | 19-08-2018 | 2929131 | 2908155 | 20976 |
| | ----------do---------------- | ----------do---------------- | 19-08-2017 | 2908155 | 6.9% | 19-08-2018 | 3114070 | ------------------ | |
